केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्टार्टअप इकाइयों के लिए कोष की स्थापना को दी मंजूरी, अगले पांच वर्षों में 40 इकाइयों को सहायता मिलने की उम्मीद

# अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए एक हजार करोड़ का कोष

## कैबिनेट फैसला

**नई दिल्ली, विसं।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्टअप इकाइयों की मदद के लिए इन-स्पेस संगठन के तत्वावधान में 1000 करोड़ रुपये के उद्यम पूंजी कोष की स्थापना को मंजूरी दे दी। इससे अगले पांच वर्षों में तकरीबन 40 अंतरिक्ष स्टार्टअप इकाइयों को सहायता मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस कोष के उपयोग की अवधि 2030 तक होगी। 2025-26 के लिए 150 करोड़, उसके बाद अगले तीन वर्षों के लिए हर साल 250-250 करोड़ और 2029-30 के लिए 100 करोड़ की व्यवस्था होगी। कैबिनेट मंजूरी पर इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने कहा कि स्टार्टअप को आरंभिक चरण में 10-30 करोड़ और अगले चरण में 30-60 करोड़ रुपये तक की सहायता दी जाएगी। यह सरकार की हिस्सेदारी के रूप में होगी। इन-स्पेस सहायता के बारे में निर्णय करेगा।

## अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का नेतृत्व मजबूत होगा:शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि केंद्रीय

कैबिनेट द्वारा अनुमोदित उद्यम पूंजी कोष, मौजूदा कंपनियों के विकास को बढ़ावा देते हुए नए निवेशों को आकर्षित करके अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को मजबूत करेगा। शाह ने 'एक्स' पर लिखा, कोष स्थापित करने का निर्णय लेकर हमारे अंतरिक्ष क्षेत्र के विकास को नई ताकत दी है।

## सीतामढ़ी से अयोध्या मार्ग में 256 किमी लाइन बिछेगी

### दो रेलखंड

1. नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा
2. सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर रेलखंड

### प्रमुख तथ्य

- **08** जिलों के 388 गांवों की नौ लाख की आबादी को फायदा होगा।
- **6.5** करोड़ पेड़ लगाने के बराबर कार्बन उत्सर्जन घटेगा
- **87** लाख मानव कार्य दिवस सृजित होंगे
- **04** साल में पूरी होंगी परियोजनाएं

### यह होगा फायदा

- नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों से संपर्क बढ़ेगा।
- काठमांडू, जनकपुर और लुम्बिनी तक पहुंच आसान होगी।

### व्यापार भी बढ़ेगा

1. भारत-नेपाल व्यापार के लिए मार्ग महत्वपूर्ण होगा।
2. मालगाड़ी और यात्री ट्रेनों की आवाजाही बेहतर होगी।
3. यह कृषि उत्पाद, उर्वरक, कोयला, लौह अयस्क, इस्पात, सीमेंट के परिवहन के लिए आवश्यक मार्ग।
4. 3.1 करोड़ टन सालाना अतिरिक्त माल ढुलाई होगी।
5. रसद लागत को कम करने में मदद मिलेगी।
6. उत्तर बिहार के लिए सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर उपलब्ध होगा
7. इस क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास होगा।

## मुख्यमंत्री ने वेंचर कैपिटल फंड बनाने के निर्णय की सराहना की

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1000 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड बनाए जाने के निर्णय का

स्वागत करते हुए इसे अभिनंदनीय बताया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार रात एक्स पर लिखा, अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत को महाशक्ति बनाने के लिए सतत समर्पित आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में आज केंद्रीय कैबिनेट द्वारा इन स्पेस के अंतर्गत 1,000 करोड़ के वेंचर कैपिटल फंड को स्थापित करने का निर्णय अभिनंदनीय है। यह फंड अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नवाचार को प्रोत्साहित करने के साथ ही लगभग 40 स्टार्टअप्स को सहायता भी प्रदान करेगा। अंतरिक्ष जगत में भारत की नेतृत्व क्षमता को मजबूत बनाने वाले इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री जी का हार्दिक आभार!